जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र0/जीविवि/गोपनीय/2014/194 दिनांक– 22.02.2014

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय,
ग्वालियर (म0प्र0)

विषयः–केन्द्रीय मूल्यांकन वर्ष 2014 हेतु प्राध्यापक/सहायक–प्राध्यापको को मूल्यांकन कार्य हेतु कार्य मुक्त करने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत माननीय कुलपति महोदया के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में स्थित **''केन्द्रीय मूल्यांकन हॉल''** में विश्वविद्यालय की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य सम्पन्न कराया जा रहा है।

अतः आप अपने महाविद्यालय के ऐसे प्राध्यापकों/सहायक–प्राध्यापकों को जिन्हें विश्वविद्यालय द्वारा उत्तरपुस्किाओं के मूल्यांकन हेतु आमंत्रित किया गया है, मूल्यांकन कार्य हेतु कार्य मुक्त कर परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में सहयोग प्रदान करें।

विश्वविद्यालय मुख्यालय में स्थित केन्द्रीय मूल्यांकन हॉल में उत्तरपुस्किाओं के मूल्यांकन के कार्य को सम्पादित करने वाले स्थानीय परीक्षकों को नियमानुसार वाहन भत्ता एवं ग्वालियर से बाहर के परीक्षकों को टी0ए0/डी0ए0 का नियमानुसार **नगद भुगतान** विश्वविद्यालय द्वारा किया जावेगा।

विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय की ई–मेल आईडी पर महाविद्यालयों के प्राध्यापकों/सहायक–प्राध्यापकों के मूल्यांकन कार्य हेतु नियुक्ति पत्र प्रेषित किये जा रहे है। अतः सम्बंधित शिक्षकों को अवगत कराकर मूल्यांकन कार्य में सहयोग प्रदान करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. **कुलपति जी के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।**
2. **कुलसचिव जी के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।**
3. **उप/सहायक–कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा) जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।**
4. **वित्ताधिकारी जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर ।**

कुलसचिव